# World Cup 2019: बेन स्टोक्स ने मैच में लपका अनोखा कैच

नई दिल्ली: **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

आईसीसी वर्ल्ड कप (ICC World Cup 2019) खिताब की सबसे मजबूत दावेदार के तौर पर क्रिकेट के महाकुंभ में उतरी इंग्लैंड ने गुरुवार को अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका को 104 रनों के विशाल अंतर से हराकर जीत के साथ की है. ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने बल्ले और गेंद दोनों से दक्षिण अफ्रीका पर अपना दबदबा दिखाया. मुकाबले के बाद एक हाथ से शानदार कैच पकड़ने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बेन स्टोक्स काफी देर तक ट्विटर और यूट्यूब पर ट्रेंडिंग में रहे.

दरअसल, अपनी पारी के दौरान दक्षिण अफ्रीका के आंदिले फेहुलक्वायो (24) अच्छा खेल रहे थे लेकिन आदिल राशिद की गेंद पर स्टोक्स ने डीप मिडविकेट पर उनका एक हाथ से शानदार कैच पकड़ इंग्लैंड को सातवीं सफलता दिलाई. यह ऐसा कैच था कि स्टोक्स को खुद भी विश्वास नहीं हो रहा था कि गेंद उनके हाथ में चिपक गई है.बल्लेबाजी की दावत मिलने पर इंग्लैंड ने 50 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 311 रनों का मजबूत स्कोर



टांगा. लक्ष्य का पीछे करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम के दो बल्लेबाजों फाफ डु प्लेसिस और क्विंटन डी कॉक के ऊपर बल्लेबाजी का सारा दारोमदार था. डु प्लेसिस सिर्फ पांच रन बना सके. डी कॉक ने जरूर 74 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला. रासी वान डर डुसेन (50) ने जरूर डी कॉक के साथ चौथे विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की लेकिन जैसे ही डी कॉक 129 के कुल स्कोर पर पवेलियन लौटे दक्षिण अफ्रीका के विकेटों का पतन शुरू हो गया.

डी कॉक के साथ पारी की शुरुआत करने आए हाशिम अमला चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर आर्चर की बाउंसर पर चोटिल हो कर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे. उनके स्थान पर मैदान पर आए एडिन मार्कराम (11) 36 के कुल स्कोर पर आर्चर का पहला शिकार बने. कप्तान फाफ डु प्लेसिस (5) को भी आर्चर ने 44 के कुल स्कोर पर अपना दूसरा शिकार बनाया.यहां डी कॉक और डुसेन ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए टीम को रास्ते पर बनाए रखा और स्कोर बोर्ड चलाते रहे. साझेदारी को तोड़ने के लिए इंग्लैंड के कप्तान मोर्गन ने प्लंकट को लगाया और उन्होंने डी कॉक को रूट के हाथों कैच कराकर अपनी टीम को जरूरी सफलता दिलाई.

डी कॉक जैसे ही आउट हुए, इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट लेना शुरू कर दिया. ज्यां पॉल ड्यूमिनी (8), ड्वायन प्रीटोरियस (1) और डुसेन 167 के कुल स्कोर तक पवेलियन लौट चुके थे.आंदिले फेहुलक्वायो (24) अच्छा खेल रहे थे लेकिन आदिल राशिद की गेंद पर स्टोक्स ने डीप मिडविकेट पर उनका एक हाथ से शानदार कैच पकड़ इंग्लैंड को सातवीं सफलता दिलाई. यहां से दक्षिण अफ्रीका की हार तय हो गई थी. अमला (13), कागिसो रबादा (11), इमरान ताहिर (0) के आउट होने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका की हार की औपचारिकताएं पूरी हो गईं.

# CWC में जीत के साथ इंग्लैंड की शुरुआत, मोर्गन बोले- हमने स्मार्ट क्रिकेट खेली



लंदन। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि उनकी टीम ने अपने प्रदर्शन में परिपक्वता दिखायी और स्मार्ट खेली जिससे वह विश्व कप के उदघाटन मैच में दक्षिण अफ्रीका को बड़े अंतर से हराने में सफल रही। मोर्गन ने इंग्लैंड की 104 रन से जीत के बाद कहा कि मैं इस प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। हमने जो परिपक्वता दिखायी और जैसी स्मार्ट क्रिकेट खेली उससे पिछले दो वर्षों में हमारी टीम में सुधार का पता चलता है। उन्होंने आलराउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की विशेष तौर पर तारीफ की।

मोर्गन ने कहा कि स्टोक्स का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। आज उसका दिन था और विशेषकर उसने जो कैच लिया वह लाजवाब था। वह हमारी टीम का मैच विजेता है। आर्चर ने धीमी पिच पर तेज और सटीक गेंदबाजी की। इस युवा खिलाड़ी का अपने करियर के शुरू में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। स्टोक्स को मैन आफ द मैच चुना गया। उन्होंने 89 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिये और शानदार कैच भी लिये। स्टोक्स ने कहा कि बल्लेबाजों के लिये संदेश था कि यह पिच बल्लेबाजी के लिये मुश्किल है और ऐसे में हमारा लक्ष्य 300 से 310 रन का स्कोर बनाना था। पारी के आखिर में उसके गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। बाद में हमारे गेंदबाज भी जानते थे कि उन्हें क्या करना है और उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी की।

# ICC World Cup: प्रिंस हैरी ने किया वर्ल्ड कप का उदघाटन, कहा- हर टीम को 'घर' जैसा महसूस होगा

लंदन: **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप (World Cup 2019) का आगाज गुरुवार को इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका (**England vs South Africa**) के मुकाबले के साथ हो गया. इससे पहले टूर्नामेंट के औपचारिक उद्घाटन हुआ. इस मौके पर इंग्लैंड के प्रिंस हैरी (Prince Harry) ने सभी का स्वागत किया. इंग्लैंड पांचवीं बार वर्ल्ड कप (ICC World Cup) की मेजबानी कर रहा है. वह इससे पहले 1975, 1979, 1983 और 2099 में विश्व कप की मेजबानी कर चुका है.

प्रिंस हैरी ने अपनी स्पीच में कहा, 'मैं आईसीसी विश्व कप के लिए यहां आए सभी लोगों का स्वागत करता हूं. पहला विश्व कप 1975 में इंग्लैंड में ही खेला गया था. मैं बेहद खुश हूं कि एक बार फिर



इंग्लैंड क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जिसमें दुनिया की 10 बेहतरीन टीमें हिस्सा ले रही हैं. बेहद अच्छी बात है.' विश्व कप का फाइनल 14 जुलाई को खेला जाएगा.

प्रिंस हैरी ने ब्रिटेन की सांस्कृतिक विविधता की भी तारीफ की. उन्होंने कहा, 'मैं यूके की सांस्कृतिक विविधता का शुक्रगुजार हूं. इसके कारण ही हर टीम को ऐसा अहसास होगा कि वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने मैच खेल रही है.' प्रिंस हैरी ने कहा कि इंग्लैंड और वेल्स के शहर अगले छह सप्ताह तक 'वर्ल्ड कप फीवर' से जीवंत होने वाले हैं. मुझे विश्वास है कि सभी टीमें अच्छी खेल भावना दिखाएंगी और मैदान पर शानदार प्रदर्शन करेंगी.' प्रिंस हैरी ने तैयारियों का जायजा लिया और मैदान पर करीब दो घंटे बिताए. प्रिंस हैरी ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा, 'सभी टीमों को शुभकामनाएं. सभी टीमों को शुक्रिया, जिनकी वजह से यह टूर्नामेंट हो रहा है. अगले छह सप्ताह बेहतरीन होने वाले हैं. मेरा यकीन मानिए, आप अगले छह सप्ताह कुछ भी कमी महसूस नहीं करेंगे. मैं वर्ल्ड कप की ओपनिंग की घोषणा कर गौरवान्वित हूं.'

# दक्षिण अफ्रीका टीम अपनी गेंदबाजी प्रदर्शन से संतुष्ट है: लुंगी एनगिडी

**एनगिडी ने कहा कि हमें लगा था कि हम उन्हें 300 रन के अंदर रोक देंगे। उन्होंने हालांकि 311 रन बना लिए लेकिन वह भी कोई ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं था।अपने पहले चार ओवरों में 27 रन लुटाने वाले एनगिडी ने कहा कि शुरूआत वह इस बात को लेकर चिंतित थे कि इंग्लैंड को 350 रन का स्कोर खड़ा करने से कैसे रोका जाए।**

लंदन। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विश्व कप के पहले मैच में बड़ी हार झेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने कहा कि टीम अपनी गेंदबाजी प्रदर्शन से संतुष्ट है क्योंकि गेंदबाजों ने इंग्लैंड को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। द ओवल में गुरुवार को खेले गये विश्व कप के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड से 104 की करार शिकस्त झेलनी पड़ी।

टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला करने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अच्छी गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को आठ विकेट पर 311 रन पर रोक दिया। टीम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए 207 रन पर आउट हो गयी। एनगिडी ने कहा कि हमें लगा था कि हम उन्हें 300 रन के अंदर रोक देंगे। उन्होंने हालांकि 311 रन बना लिए लेकिन वह भी कोई ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं था। अपने पहले चार ओवरों में 27 रन लुटाने वाले एनगिडी ने कहा कि शुरूआत वह इस बात को लेकर चिंतित थे कि इंग्लैंड को 350 रन का स्कोर खड़ा करने से कैसे रोका जाए।उन्होंने कहा कि मैं शुरूआत के ओवरों में अपनी गेंदबाजी प्रदर्शन से निराश था। शायद मैं जरूरत से ज्यादा सोच रहा था। हम यह सोच रहे थे कि उन्हें 350 रन बनाने से कैसे रोक सकते हैं। एनगिडी ने कहा कि पावर प्ले में हमें कुछ मौके मिले लेकिन हम उन मौको को भुना नहीं पाये। फिर मैंने विकेट के अनुसार गेंदबाजी शुरू किया।

धीमी गेंद फेंकने से फायदा हो रहा था और मैंने ऐसा ही किया।एनगिडी ने 66 रन खर्च कर तीन विकेट लिये जिसमें बेन स्टोक्स, जोस बटलर और मोइन अली का विकेट शामिल है। दक्षिण अफ्रीका का अगला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ है जो रविवार को खेला जाएगा।

